an>

Title: Need to open a PSU bank branch in Uniyara Tehsil of Tonk-Sawai Madhopur Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं सदन के समक्ष एक बहुत ही महत्वपूर्ण विÂ◌ाय रखना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र टोंक-सवाई माधोपुर की तहसील के करीब 150 गांवों की एक बहुत ही महत्वपूर्ण मांग है कि बनैठा कस्बे में कोई एक सरकारी बैंक खोला जाए क्योंकि जयंत सिन्हा जी बैठे हैं। इन्हीं से संबंधित मामला है और केवल वहां अभी एक ही बैंक है जो कि बैंक ऑफ बड़ौदा है। इस शाखा में काफी भीड़ रहती है क्योंकि आसपास के सभी पेंशनभोगी और सभी विभागों के सरकारी कर्मचारी इसी बैंक से मासिक भत्ता लेते हैं। लगभग 30 ग्राम पंचायतों के आवेदन मुझे प्राप्त हुए हैं और उन्होंने मुझे अवगत कराया है तथा इसके साथ जोर देते हुए मांग की है कि हमारे क्षेत्र में किसी भी सरकार के समय में बैंक की शाखा नहीं खोली गई है। मोदी जी का एक सपना है कि हर घर तक बैंक पहुंचे जिसे हम मिलकर पूरा करें और मेरा माननीय वित्त राज्य मंत्री जी से निवेदन है कि राजस्थान की पहली किश्त तो चली गई, दूसरी किश्त हमारी भेजी जाए क्योंकि हमारे किसान बंधु परेशान हैं। जो ओलावृÂ◌िट का मुआवजा है, वह जल्दी से जल्दी दिया जाए ताकि हम किसानों को पैसे समय पर दे सकें जिससे उनकी मदद हो सके।